भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

पूर्णिया, बिहार में सिविल एंक्लेव के विकास का कार्य विचाराधीन ।

नई दिल्ली 28-07-2015 : भा वि प्रा देश भर में क्षेत्रीय तथा दूरस्थ क्षेत्र में विमान आवागमन में वृद्धि करने के प्रयास कर रहा है । इस प्रयास में, भा वि प्रा, पूर्णिया, बिहार में आई ए एफ एयरफील्ड में सिविल एंक्लेव के विकास की योजना बना रहा है । भा वि प्रा के अधिकारियों के एक दल ने हाल ही में पुर्णिया में एयरफोर्स स्टेशन का दौरा किया । वर्तमान में एयरफोर्स स्टेशन का धावनपथ बड़े विमानों हेतु उपयुक्त है । उक्त दल द्वारा सिविल एंक्लेव स्थापित करने हेतु भूमि की आवागमन का अनुमान लगाया गया है तथा राज्य सरकार से इस बारे में बात की जाएगी ।

बिहार के उत्तर-पूर्वी भाग में स्थित पूर्णिया की जनसंख्या लगभग 5 लाख है तथा यह नेपाल में विराट नगर तक बंगाल के उत्तरी भाग तक फैला हुआ है । इसके विशेष स्थिति के कारण, पिछले दो दशकों से सिविल उड़ानों हेतु सिविल एंक्लेव स्थापित करने की आवश्यकता महसूस की जा रही है । इस एयरफोर्स स्टेशन से केवल दिन में ही प्रचालन किया जा सकता है । बागडोगरा हवाई अड्डा सबसे निकटतम हवाई अड्डा है जो 180 कि.मी. की एरियल दूरी पर स्थित है जो कभी - कभी खराब मौसम की स्थिति के कारण विमान यातायात के लिए सुलभ नहीं रहता । पूर्णिया सुविधाजनक रहेगा चूंकि समतल पठार पर अपनी भौगोलिक स्थिति के कारण पूर्णिया हवाई अड्डे से खराब मौसम में भी विमानों का प्रचालन प्रभावित नहीं होगा ।

जनसम्पर्क निदेशालय द्वारा जारी

विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क करें

म.प्र. (जनसंपर्क) 011-24622787, 9810025069,

सं. 29 /2015-16